23 OCT 3 2026.qxd 22-10-2026 22:48 Page 1

माघ मेला : नागबासुकि जोनमें जमीन अधिग्रहणमें जुटा प्रशासन

कुम्भके तर्जपर होगी बसावट, काश्तकारोंको जोताई-बोआई न करनेके लिए दिये निर्देश

संगमनगरी में आयोजित होने वाले माघ मेला -२०२७ को भव्य रूप देने के लिए कुम्भ की तर्ज पर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। प्रशासन इस बार माघ मेला-२०२७ की बसावट करीब नौ सौ हेक्टेअर भूभाग पर करने की तैयारी कर रहा है।

दारागंज में नागबासुकि मंदिर से महाकुम्भ मेला के भरद्वाज मार्ग तक के क्षेत्र में माघ मेला के बसावट होगी। नागबासुकि जोन सेक्टर सात के बसावट के लिए मेला प्रशासन ने जमीन अधिग्रहण की कवायद शुरू कर दी है। काश्तकारों को माघ मेला के दृष्टिगत जमीन पर जोताई-बोआई न करने के लिए निर्देश दे दिये गये हैं।

इस धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं और युवाओं को आकर्षित करने के लिए मेला क्षेत्र विशेषकर नागबासुकि जोन में कला ग्राम और कला कुम्भ की तर्ज पर आकर्षक सेल्फी प्वाइन्ट तैयार किये जायेंगे, जहां लोग अपनी यादों को कैमरे में कैद कर सकेंगे। पौराणिक आख्यानों पर आधारित नाटकों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन किया जायेगा। साथ ही ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी ताकि युवा और बच्चे अपनी संस्कृति, धार्मिक और ऐतिहासिक विषयों से परिचित हो सकें। बच्चों के लिए विशेष रूप से फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी जायेंगी, जिसमें वे देवी-देवताओं और महापुरुषों के स्वरूप में नजर आयेंगे। बालू से बनने वाली आकृतियां (सैण्ड आर्ट) भी श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगी। इस बार प्रशासन का पूरा जोर कुम्भ के तर्ज पर नागबासुकि जोन सेक्टर सात को विस्तार देने पर है। कुम्भ और माघ मेला की भांति नागबासुकि मंदिर के समीप रिवर फ्रन्ट रोड के आसपास पार्किंग बनायी जायेगी वहीं इस बार महाकुम्भ मेला में बने भरद्वाज मार्ग के दक्षिणी पटरी से दारागंज में नागबासुकि तक सैकड़ों हेक्टेअर भूभाग में माघ मेला की बसावट होगी। माघ मेला में पहली बार नागबासुकि जोन में बसावट के लिए प्रशासन वृहद स्तर पर भूमि का अधिग्रहण कर रहा है। इससे पहले पार्किंग के लिए ही अधिकांश जमीन ली जाती थी। मेला प्रशासन ने नागबासुकि जोन के बक्शी कछार, बक्शी उपरहार, अल्लापुर बक्शी कछार एवं चक शेरखां के कुछ हिस्से में माघ मेला के बसावट की योजना बनायी है। सर्वाधिक २५० हेक्टेअर जमीन बक्शी कछार से उपलब्ध हो रही है। अधिकांश जमीन सरकारी है और जो जमीन काश्तकारों की है, उसके अधिग्रहण की कवायद की जा रही है। प्रशासन ने करीब २५० काश्तकारों को माघमेला के बसावट के लिए जमीन पर जोताई एवं बोआई न करने के लिए कह दिया है। काश्तकार इसके लिए मान भी गये हैं। प्रशासन द्वारा परम्परागत ढंग से काश्तकारों को मुआवजा दिया जायेगा।

झूंसी क्षेत्रमें कटानसे कट रही माघ मेलाकी जमीन

गंगा नदी का जलस्तर अभी भी काफी बढ़ा हुआ है। इस कारण मेला के बसावट का काम शुरू नहीं हो पा रहा है। गंगा के तेज प्रवाह के चलते गंगापार झूंसी की तरफ कटान तेज हो गयी है। कटान के चलते माघ मेला के बसावट योग्य जमीन गंगा में समाहित होती जा रही है।

झूंसी की तरफ बजरंग दास आश्रम कटान की भेंट चढ़ गया है। आश्रम से हरिश्चन्द्र, ओल्ड जीटी मार्ग तक गंगा के तेज प्रवाह के चलते कटान तेज है और धीरे-जमीन कटकर गंगा में समाहित होती जा रही है। यदि ऐसे ही तीव्र गति से कटान होती रही तो गंगा तटपर बसने वाली कई संस्थाओं को विस्थापित होना पड़ सकता है।



मैरी लूकस कालेजमें मतदानकी तैयारीमें जुटे कार्मिक।

स्नातक एमएलसी चुनावमें १५०० पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा

३४ क्यूआरटी रहेंगी मुस्तैद, तीन कम्पनी पीएसी एवं ३०० से अधिक होमगार्ड भी होंगे तैनात

इलाहाबाद-झांसी स्नातक एमएलसी चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सुरक्षा का खाका तैयार कर लिया है। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए १५९८ पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। आपात स्थिति से निपटने के लिए मतदान केंद्र वाले थानों में ३४ क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) गठित की गई हैं। इनके अलावा इतनी ही रिजर्व टीमें भी तैयार रहेंगी, जिन्हें जरूरत पड़ने पर तत्काल मौके पर भेजा जाएगा।

चुनाव क्षेत्र को जोन और सेक्टर में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी अधिकारियों को सौंपी गई है। प्रत्येक जोन की कमान एसीपी स्तर के अधिकारियों के हाथ में होगी, जबकि सेक्टर की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर और उपनिरीक्षकों को दी गई है। संबंधित क्षेत्रों की निगरानी डीसीपी स्तर के अधिकारी करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए तीन कंपनी पीएसी और ३०० से अधिक होमगार्ड भी विभिन्न मतदान केंद्रों पर तैनात रहेंगे। मतदान के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। किसी भी तरह की अव्यवस्था या गड़बड़ी की सूचना मिलने पर क्यूआरटी को तत्काल मौके पर भेजा जाएगा। एडीसीपी सिटी श्रुति श्रीवास्तव ने बताया कि चुनाव संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। कंट्रोल रूम से सुरक्षा व्यवस्था और मतदान केंद्रों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके।

नैनीमें स्कूल वैनसे कुचलकर आठ वर्षीय छात्राकी मौत

घरके गेटपर उतरनेके बाद बैग निकाल रही थी तस्वनी, चालकने अचानक बैक कर दी वैन, चालकको लोगोंने पकड़ा

नैनी के प्रयागपुरम में गुरुवार को स्कूल वैन से कुचलकर आठ वर्षीय छात्रा की मौत हो गई।



हत तस्वनी उदयांशीकी फाइल फोटो।

छात्रा स्कूल से घर लौटने के बाद वैन से उतरकर अपना बैग निकाल रही थी, तभी चालक ने अचानक वैन बैक कर दी। इससे छात्रा वैन और मकान की चहारदीवारी के बीच दब गई। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे से गुस्साए लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

नैनी संवाददाता से मिली जानकारी के अनुसार मूलरूप से मिर्जापुर जिले के रहने वाले सुरेंद्र पाठक नैनी के प्रयागपुरम में मकान बनाकर परिवार के साथ रहते हैं। उनका बड़ा बेटा मनीष पाठक दिल्ली में निजी नौकरी करता है, जबकि बहू आरती दुबे गोरखपुर के सरकारी विद्यालय में शिक्षिका हैं। दंपती की इकलौती बेटी तस्वनी उदयांशी पाठक अपने दादा-दादी के साथ रहती थी। वह दिल्ली पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन की छात्रा थी। रोज की तरह गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे तस्वनी स्कूल वैन से घर पहुंची। वैन से उतरने के बाद वह अपना बैग निकालने लगी। इसी दौरान चालक ने अचानक वैन पीछे कर दी। इससे तस्वनी वैन और मकान की चहारदीवारी के बीच दब गई। वैन में सवार बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजन और स्थानीय लोग आनन-फानन में उसे अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। तस्वनी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। दादा सुरेंद्र पाठक, दादी कादंबिनी और चाचा पुष्पेंद्र पाठक का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर छात्रा के माता-पिता दिल्ली और गोरखपुर से नैनी के लिए रवाना हो गए। नैनी थाना प्रभारी अविनाश सिंह ने बताया कि वैन चालक को हिरासत में ले लिया गया है। अभी परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है। मृतका के पिता के दिल्ली से आने के बाद ही आगे की कारवाई की जायेगी।

प्रयागराजमें १५२ बूथोंपर आज पड़ेंगे एमएलसी चुनावके लिए वोट

देर शाम तक मैरी लूकस कालेजसे रवाना होती रहीं पोलिंग पार्टियां

इलाहाबाद-झांसी खंड स्नान निर्चाचन क्षेत्र के एमएलसी चुनाव के लिए प्रयागराज में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मैरी लूकस कालेज से देर शाम तक पोलिंग पार्टियां रवाना होती रही। बसों से रवाना हो रहीं टीमें मतदान सामग्री लेकर अपने निर्धारित केंद्रों पर पहुंचेंगी। प्रयागराज में २३ अक्तूबर को मतदान कराने के लिए १५२ बूथ बनाए गए हैं। जहां एक लाख से अधिक वोटर अपने मतों का प्रयोग करेंगे।

पोलिंग पार्टियां मतदान कर्मी केंद्रों के आसपास रात बितायेंगी और शुक्रवार सुबह आठ बजे मतदान शुरू कराएंगे। मतदान समाप्त होने के बाद मतपेटियां मैरी लूकस कालेज में जमा कराई जाएंगी, जहां से उन्हें मतगणना के लिए झांसी भेजा जाएगा। हर बूथ पर चार कार्मियों की टीम, मजिस्ट्रेट भी तैनात निर्वाचन प्रक्रिया के संचालन के लिए जिले में ९०० से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक बूथ पर चार मतदान अधिकारी-कर्मचारी तैनात रहेंगे। मतदान की निगरानी और व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए १५ जोनल मजिस्ट्रेट और ५० सेक्टर मजिस्ट्रेट भी लगाए गए हैं। इसके अलावा माइक्रो आब्जर्वर और रिजर्व टीम की व्यवस्था की गई है। पोलिंग पाटिर्यों को मतदान की प्रक्रिया और जिम्मेदारियों के बारे में पहले ही जानकारी दी जा चुकी है, ताकि केंद्रों पर किसी तरह की परेशानी न हो। बैलेट बॉक्स से डाले जाएंगे वोट स्नातक एमएलसी चुनाव में ईवीएम के बजाय पारंपरिक मतपेटियों का इस्तेमाल किया जाएगा। पोलिंग पार्टियों को रवाना करते समय बैलेट बाक्स, अमिट स्याही, मतदाता सूची और मतदान से जुड़ी जरूरी स्टेशनरी उपलब्ध कराई गई है। सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान केंद्रों पर रहेगी निगरानी मतदान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरतने की तैयारी है। इस चुनाव में भाजपा और सपा के बीच मुकाबले को लेकर राजनीतिक सरगर्मी भी बनी हुई है। इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल १० जिले शामिल हैं। इनमें प्रयागराज का मतदाता दायरा सबसे बड़ा बताया गया है।

प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वह निर्धारित समय में वैध पहचान पत्र के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस चुनाव में केवल पात्र स्नातक मतदाता ही वोट डाल सकेंगे। सरकारी विभागों या निजी संस्थानों में कार्यरत ऐसे मतदाताओं को २३ अक्तूबर को मतदान के लिए अवकाश दिया गया है।

बूथोंपर निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाये रखनेके निर्देश

इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों ने विद्युत उपकेन्द्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है। जनपद में १५२ बूथों पर सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान सम्पन्न होगा। बिजली विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की सतत निगरानी सुनिश्चित करेंगे।

विद्युत उपकेन्द्रोंपर तैनात रहेगी बिजली विभागकी टीम

बिजली विभाग के अधिकारियों ने कर्मचारियों को बिजली लाइनों पर सुरक्षित कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। किसी भी स्थान पर ब्रेकडाउन/विद्युत व्यवधान की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर प्राथमिकता के आधार पर उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि न्यूनतम असुविधा हो। सभी स्टाफ पूर्ण सुरक्षा मानकों एवं निर्धारित सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए ही कार्य करें। बिना उचित सुरक्षा उपकरण एवं आवश्यक सावधानियों के विद्युत कार्य कदापि न किया जाए। सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित कर्मचारी अपने मोबाइल फोन चालू एवं उपलब्ध रखें तथा ब्रेकडाउन की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दें। आपातकालीन स्थिति या बिजली कटौती से निपटने के लिए २४ घंटे काम करने वाले विशेष कंट्रोल रूम और हेल्पडेस्क बनाये गये हैं। जहां पर विद्युत व्यवधान की स्थिति पर तत्काल कर्मचारियों की टीम द्वारा बिजली की समस्या का निवारण किया जायेगा।

आंशिक त्रुटियां होनेपर पहचान पत्र दिखाकर कर सकेंगे मतदान

आधार एवं पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट मान्य

यूपी में २३ अक्तूबर को होने वाले एमएलसी चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर लिस्ट वायरल होने पर चुनाव आयोग जागा। गुरुवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ ने दिशा निर्देश जारी कर दिये हैं। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने पीठाधीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मतदाता सूची में मतदाता के विवरण में आंशिक लिपिकीय अथवा मुद्रण सम्बन्धी त्रुटियां होने के आधार पर किसी भी मतदाता को उसके मताधिकार से वंचित न किया जाय। यदि कोई मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केन्द्र पर पहुंचता है और पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी को मतदाता सूची में उसके विवरण में लिपिकीय अथवा मुद्रण सम्बन्धी अशुद्धियां दिखाई देती हैं, तो ऐसी स्थिति में मतदाता की पहचान सुनिश्चित की जाय। यदि मतदान अधिकारी मतदाता द्वारा प्रस्तुत अनुमन्य दस्तावेजों अथवा मतदाता सूची में दर्ज अन्य विवरणों के आधार पर इस बात से संतुष्ट हो जाता है कि सम्बन्धित व्यक्ति वही मतदाता है, जिसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो ऐसी लिपिकीय अथवा मुद्रण सम्बन्धी त्रुटियों को नजरअंदाज करते हुये उसे मताधिकार का प्रयोग करने की अनुमति दी जाय। जिलाधिकारी ने कहा है कि मतदान करने के लिए किसी भी मतदाता को मामूली लिपिकीय अथवा मुद्रण सम्बन्धी त्रुटियों के कारण पात्र मतदाता को मतदान से वंचित नहीं किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी उपमा पांडेय के अनुसार निर्वाचन पहचान पत्र न होने की दशा में मतदाता आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड और भारतीय पासपोर्ट दिखाकर मतदान कर सकते हैं। इसके अलावा केंद्र या राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या निजी औद्योगिक संस्थानों की ओर से कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान पत्र भी मान्य होगा।

आज बंद रहेंगे १२वीं तकके सभी स्कूल

इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए २३ अक्तूबर को होने वाले चुनाव के दृष्टिगत प्रयागराज में प्री-प्राइमरी से कक्षा १२ तक के संचालित सभी परिषदीय-राजकीय-अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन मान्यता प्राप्त एवं सीबीएसई, आईसीएसई एवं अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में २३ अक्तूबर को एक दिन का अवकाश रहेगा। डीआईओएस ने इस आदेश को कड़ाई से पालन करने का निर्देश सभी स्कूलों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों को दिया है।

सपाइयों ने पुलिसपर लगाया गंभीर आरोप, मतदान न करनेकी दे रहे धमकी

डीएम एवं पुलिस आयुक्तसे मिले सपा प्रत्याशी डा. मानसिंह सहित कई नेता

स्नातक निर्वाचन के मतदाताओं को मतदान से रोकने के लिए पुलिस घर घर जाकर मतदाताओं को डराने एवं धमकाने का काम कर रही है। मतदाताओंसे इस बाबत प्राप्त जानकारी के बाद सपा प्रत्याशी एमएलसी डा. मानसिंह यादव गुरुवार को पार्टी के नेताओं, जन प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त से मिलकर आक्रोश व्यक्त करते हुए शिकायत दर्ज कराते हुए ज्ञापन भी सौंपा।



मतदाता सूंची में आई टाइप और प्रिंट की गड़बड़ी के चलते मतदाताओं के नाम, पिता का नाम उलट पलट गया है। कई नाम तो दुबारा, तिबारा प्रिंट हो गए हैं। बता दें कि इस तरह की खामियों को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी गत २१ अक्तूबर को अपनी प्रेस में उजागर कर चुके है। नेताओं ने बताया कि बुधवार की रात में मऊआईमा, जंघई तथा सराय मामरेज, सराय इनायत थाने की पुलिस के लोग ऐसे मतदाताओं को चिन्हित करके उनके घरों पर दबिस देकर वोट नहीं डालने के लिए दबाव बना रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया कि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा स्कूल प्रबंधकों एवं शिक्षकों की बैठक बुलाकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक को तत्काल यहां से हटाने की मांग भी की गई। सपा नेताओं ने चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कराये जाने की मांग की है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, विधायक श्रीमती विजमा यादव, हाकिम लाल बिन्द, संदीप पटेल, गीता शास्त्री, पूर्व विधायक सत्य वीर मुन्ना, हाजी मुजतबा सिद्दीकी, पंधारी यादव, अमर नाथ मौर्य, डा. एसपी पटेल, प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, रविंन्द्र यादव, रूप नाथ यादव, शांति प्रकाश, केके यादव, जगदीश यादव, दूध नाथ पटेल, रावेन्द्र उर्फ़ रवि मिश्रा, कृष्ण मूर्ति सिंह, योगेश यादव, शिव शंकर यादव, रंग बहादुर यादव उर्फ बबलू, सुरेश कुमार यादव, मो. सऊद, अरविन्द केसरवानी, लल्लन पटेल, रामधीन मौर्य, विनोद गौतम, सुशील यादव आदि मौजूद रहे।



श्रद्धापूर्वक मनी शहीद अशफाक उल्ला खां की जयन्ती



अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद एवं शहीद-ए-आजम भगत सिंह स्मारक समिति की ओर से गुरुवार को काकोरी काण्ड के शहीद अशफाक उल्ला खां का १२६वीं जयन्ती समारोह आजाद पार्क में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। प्रारम्भ में शहीद अशफाक उल्ला खां के तैलचित्र पर गणमान्य नागरिकों एवं अतिथियों ने फूल माला अर्पित किया। सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने २१ गन शाट फायर किया, सम्मान गारद द्वारा सलामी एवं पुलिसबैण्ड ने राष्ट्र भक्ति ध्वनि बजाकर उप्र शासन की ओर से सम्मान प्रकट किया। छात्र-छात्राओं द्वारा गायन, वादन, नृत्य व लघु नाटिका का मंचन कर अमरशहीदों के प्रति सम्मान प्रकट किया गया। मुख्य अतिथि आनन्द घिल्ड़याल पार्षद नगर निगम ने कहा कि हिन्दुस्तान को अपने जिन बेटों पर नाज है उनमें शहीद अशफाक उल्ला खां का नाम आला दर्जे में शुमार है। अंग्रेजों ने उन्हें बहुत कहा कि माफी मांग लो उन्होंने हर बार नहीं कहा और कहा कि ये शुभ घड़ी आयी है। मात्र २७ वर्ष की उम्र में १९ दिसम्बर १९३१ में फांसी दी गयी। विशिष्ट अतिथि नीरज मिश्रा उपनियंत्रक, नागरिक सुरक्षा कोर ने कहा कि अशफाक उल्ला खां बहुत ही बहादुर आदमी थे एवं साथ में बौद्धिक क्षमता के धनी थे। इन्होंने चन्द्रशेखर आजाद के नेतृत्व में लखनऊ के निकट काकोरी में सरकारी खजाना लूटकर ब्रिटिश हुकूमत कोसीधी चुनौती दी थी।

अध्यक्ष राजू जायसवाल 'मरकरी' ने अध्यक्षता एवं महासचिव राजबहादुर गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगदीश प्रसाद अधीक्षकराजकीय उद्यान आजाद पार्क, एल के अहिरवार, विशाल गुप्ता, कुंवर धनंजय सिंह राष्ट्रीयअध्यक्ष भाकियू, रामजी पाण्डेय, श्रीकृष्ण तिवारी, राजेन्द्र सिंह अस्थाना, भारत भूषण, पूजासिंह, कुमकुम मुखर्जी, पूनम गुप्ता, रेनू श्रीवास्तव, संगीता गुप्ता, जलज तिवारी, विद्योत्तमा वर्मा,महेश त्रिपाठी, प्रभाकान्त मिश्र, अमन सिंह, अतुल राय, अखिल जायसवाल, विनोद शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

मुट्ठीगंजमें जमींपर उतर आये तारे तोपसे गोले दागकर दीपावलीका आगाज

मुट्ठीगंज के एतिहासिक चौराहे पर न्यू बाल संघ रोशनी कमेटी, श्री मुट्ठीगंज रोशनी कमेटी, श्री सहयोग व्यापार मंडल रोशनी कमेटी, एवं बाल संघ रोशनी कमेटी के बीच जोरदार लाईटकम्पटीशन किया गया। सड़कों पर बिछी लाइट देखकर ऐसा लगा कि मानो तारे जमीं पर उतर आये हो।

सभी रोशनी कमेटी के बिजली के कर्मचारी देर रात तक लगातार लाइटिंग को बढ़ाते रहे और सतरंगी रंगों से रंगी लाइटिंग सड़कों पर उतार दी। ५० फीट की बनी स्वागत गेट राजकुमार केसरवानी गुड़, श्री मुट्ठीगंज रोशनी कमेटी के अध्यक्ष सतीश केसरवानी, बाल संघ रोशनी कमेटी के अध्यक्ष सतीश चंद्र केसरवानी को पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्रतीकात्मक बने तोप से गोले दाग कर दीपावली का आगाज किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश केसरवानी ने किया। सम्मान समारोह में रामबाबू अग्रहरि, राजकुमार जायसवाल, रजत केसरवानी, संतोष अग्रहरि, राजकुमार केसरवानी, रविन्द्र जायसवाल, संदीप केसरवानी, कमेटी के अन्य पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

दशहरा सम्पन्न होनेपर सम्मान समारोहका आयोजन

पर भगवान श्री राम पर आधारित प्रसंगों की लीला का, महादेव, लक्ष्मी श्री हरि नारायण आदि का लाइटिंग का चित्रण ने सबका मन मोह लिया। शानदार लाइटिंग देखने के लिए प्रयागराज के कोने-कोने से लोग आए हुए थे और सड़कों पर बिछी लाइट देखीं तो तारे ज़मीं पर का नजारा दिखाई देना लगा उसके अलावा, इसके अलावा मुट्ठीगंज की रोशनी कमेटियों के द्वारा बिजली के अधिकारी ठेकेदार और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दशहरा संपन्न समारोह की मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा कल्याणी नंद गिरी ने रोशनी कमेटी के पदाधिकारियों को अंग वस्त्रम पहनाकर, एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

तत्पश्चात उन्होंने मुट्ठीगंज के चारों मार्ग की रोशनी कमेटियों को समानांतर रूप से प्रथम वरियता का स्थान देते हुए न्यू बाल संघ रोशनी कमेटी के अध्यक्ष उमेश चंद्र केसरवानी दादा, श्री सहयोग व्यापार मंडल रोशनी कमेटी के अध्यक्ष

सीसीटीवी कैमरेमें बाइक चोर कैद, मुकदमा

धूमनगंज थाना क्षेत्र के सुलेम सराय से बाइक चोरी होने के मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठे हैं। ट्रांसपोर्ट नगर निवासी जयकेश सिंह का आरोप है कि ३० सितंबर को उनकी बाइक चोरी हो गई थी। उन्होंने उसी दिन धूमनगंज थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अब तक न तो मुकदमा दर्ज हुआ और न ही बाइक बरामद की जा सकी है। पीड़ित के मुताबिक, बाइक चोरी की घटना के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक व्यक्ति उनकी बाइक ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। उन्होंने फुटेज के आधार पर आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई और संदिग्ध के घर का पता भी पुलिस को बताया। इसके बावजूद आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई और बाइक भी नहीं मिली। पीड़ित ने आशंका जताई है कि आरोपित बाइक का इस्तेमाल किसी वारदात में कर सकता है या उसे बेच सकता है। २० दिन बाद धूमनगंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है।